नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - I

: संयोजक :

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

मुख्य कार्यालय

भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066

ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

पत्रांक: कभनिसं/मुख्यालय/नराकास दक्षिण दिल्ली-I/2017/बैठक/ 1389 दिनांक: 14 SEP 2021

सेवा में,

कार्यालय प्रभारी,
सभी संबंधित सदस्य कार्यालय,
नराकास दक्षिण दिल्ली-I

विषय: दिनांक 01.09.2021 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नौवीं बैठक के कार्यवृत्त।

महोदय/ महोदया,

दिनांक **01.09.2021** को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-I की **नौवीं बैठक** के कार्यवृत्त की प्रति आपके सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

आपसे निवेदन है कि इस कार्यवृत्त में दर्शाई गई मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कर अनुपालन रिपोर्ट शीघ्र भेजने का कष्ट करें।

(सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित)

भवदीय,

संलग्नक: यथोपरि।

(एन. के. मिश्र)
सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव,
नराकास, दक्षिण दिल्ली-I

सूचनार्थ प्रति:

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दि.), तृतीय तल, त्रिकूट-II भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-66 **(के नाम से: श्री कुमार पाल शर्मा)**
3. उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना (मध्योत्तर), लेवल-6, पूर्वी ब्लॉक - 7, सेक्टर-1, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-03 **(के नाम से: श्रीमती कमलेश बजाज)**
4. क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, एन.डी.सी. - इस आशय के साथ कि कृपया "नराकास" टैब पर अपलोड करें ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली -I की दिनांक 01.09.2021 को श्रीमती उदिता चौधरी, अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्यालय), प्रभारी राजभाषा की अध्यक्षता में आयोजित नौवीं बैठक के कार्यवृत्त

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-I की नौवीं छमाही बैठक दिनांक 01.09.2021 को अपराह्न 04:30 बजे ऑनलाइन (माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के माध्यम से) आयोजित की गई। अपरिहार्य कारणों से श्री सुनील बड़थ्वाल, भा.प्र.से., केन्द्रीय भ.नि. आयुक्त / अध्यक्ष नराकास की अनुपस्थिति में बैठक की अध्यक्षता श्रीमती उदिता चौधरी, अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त (मुख्यालय) द्वारा की गई। बैठक में संयोजक कार्यालय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय से श्रीमती वीणा रानी यादव, उप निदेशक (राजभाषा), श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र-I एवं श्रीमती कमलेश बजाज, उप निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना सहित कुल 61 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख / प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल प्रतिनिधियों से संबंधित सूचना **परिशिष्ट-'I'** पर दी गई है ।

बैठक का शुभारंभ अध्यक्ष महोदया सहित सदस्य कार्यालयों से बैठक से जुड़े कार्यालय प्रमुख / प्रतिनिधि, राजभाषा विभाग के अधिकारियों के हार्दिक स्वागत के साथ हुआ । तत्पश्चात् दिनांक 29.01.2021 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-I की आठवीं बैठक के कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई ।

इसके पश्चात् पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई पर प्रकाश डालते हुए सदस्य सचिव श्री एन.के. मिश्र, सहायक निदेशक (राजभाषा)/ सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि दिनांक 29.01.2021 को आयोजित आठवीं बैठक में चर्चा के दौरान कें.भ.नि.आ./अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया था कि नराकास के व्हाट्सअप ग्रुप पर एक्टिव अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहन के तौर पर पुरस्कृत किए जाने हेतु प्रयास किए जाएं । समिति को सूचित किया गया कि, नरकास, दक्षिण दिल्ली -1, सदस्य कार्यालयों के निम्नलिखित अधिकारियों /कर्मचारियों की नराकास के व्हाट्सअप ग्रुप में सक्रिय सहभागिता, सुस्पष्ट विचार, प्रेरणादायक एवं उपयोगी संप्रेषण की सराहना करते हुए कार्यालय स्तर पर उन्हें यथोचित रूप से पुरस्कृत करने का प्रयास किए जाने हेतु संबंधित कार्यालय प्रमुख से अनुरोध करते हुए दिनांक 30.07.2021 को नरकास की ओर से पत्र भेजा गया:

1. श्री संजय चौधरी, सहायक निदेशक (रा.भा.), केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान 2. श्री महेश साव, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, केन्द्रीय रेशम बोर्ड 3. श्रीमती विभा बिष्ट, कार्यपालक (राजभाषा), सी-डॉट 4. श्री सुरेन्द्र कुमार मीणा, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, वायु सेना स्टेशन, तुगलकाबाद 5. श्रीमती पूनम मल्होत्रा, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान 6. श्रीमती आशा, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, भारतीय खेल प्राधिकरण ।

हर्ष का विषय है कि संबंधित कार्यालय , यथा - केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, सी-डॉट, राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान ने भी इस पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रशस्ति पत्र, नगद पुरस्कार से उक्त अधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है तथा शेष कार्यालयों में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

सदस्य सचिव ने, पिछली बैठक के निर्णयानुसार "कंठस्थ" जो राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित स्मृति आधारित अनुवाद प्रोग्राम है पर नराकास स्तर पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में समिति को अवगत कराया कि, उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग द्वारा सुझाए गए उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में पीडीनास से संपर्क किया गया । पीडीनास द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि वर्तमान में वहां कोई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा रहे हैं । तत्पश्चात्, उप निदेशक (कार्यान्वयन) से इसे ऑनलाइन आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया । उनका सुझाव था कि स्थिति अनुकूल होने पर , इसे सामान्य रूप से आयोजित किया जा सकता है । अतः कंठस्थ अनुवाद का प्रशिक्षण बाद में आयोजित किया जा सकता है ।

साथ ही, सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि अधिकांश सदस्य कार्यालयों ने आठवीं बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन रिपोर्ट प्रेषित की है , इस संबंध में संयोजक कार्यालय सहित सदस्य कार्यालयों में आयोजित राजभाषा संबंधी विभिन्न गतिविधियों / आयोजन पर प्रकाश डाला गया।

तदुपरांत, सदस्य सचिव ने सदस्य कार्यालयों से प्राप्त 01.10.2020 से 31.03.2021 तक की छमाही रिपोर्ट की नोडल कार्यालयों द्वारा की गई समीक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि इस बैठक हेतु अधिकांश सदस्य कार्यालयों से रिपोर्ट प्राप्त हो गई है , साथ ही सभी नोडल कार्यालयों द्वारा अपने अधीनस्थ कार्यालयों की समीक्षा उपलब्ध कराई गई है । नोडल कार्यालयों द्वारा जो समन्वय एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है , उसके लिए उन्होंने, उनका आभार व्यक्त किया । उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने नोडल कार्यालय का यथासंभव सहयोग प्रदान करते हुए अपनी रिपोर्ट समय से प्रेषित करें। उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि कृपया नराकास की वेबसाइट तथा व्हाट्सएप ग्रुप के संपर्क में रहें , ताकि बैठक की तिथि व अन्य क्रियाकलापों की नवीनतम जानकारी आपको मिल सके।

राजभाषा कार्यान्वयन में जिन कार्यालयों ने उत्कृष्ट कार्य किया है, उन कार्यालयों के ब्यौरे समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

(कार्रवाई – सभी सदस्य कार्यालय)

तत्पश्चात् बैठक की संचालिका श्रीमती हेमा प्रधान , सहायक निदेशक (सतर्कता), ने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध करते हुए अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया ।

राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान: नवीन माथुर, राजभाषा प्रभारी ने अपनी बात रखते हुए "संवाद" नामक

छमाही गृह पत्रिका के प्रकाशन, वार्षिक रिपोर्ट के हिंदी में प्रकाशन के साथ ही कार्यालयीन कार्य सौ-प्रतिशत हिंदी में किए जाने के बारे में उल्लेख किया । हिंदी पखवाड़ा जो 1-15 सितंबर तक मनाया जाएगा, जिसमें पहली बार "शब्द अंताक्षरी" हिंदी के शब्दों के अंताक्षरी नामक एक प्रतियोगिता रखने का पहल किया ।

सी-डैक: कार्यालय के प्रभारी श्री नवीन कुमार जैन ने, अपने कार्यालय से पहली बार नराकास की बैठक से जुड़ने पर हर्ष जताते हुए अपने कार्यालय से प्रकाशित होनेवाली ई-पत्रिका के संबंध में प्रकाश डाला।

रक्षा सम्पदा महा निदेशालय: श्रीमती चारू तिवारी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने कार्यालय की ई पत्रिका के बारे में समिति को अवगत कराया । नोडल कार्यालय की हैसियत से उक्त कार्यालय के श्री विक्रम सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने अधीनस्थ कार्यालयों से अनुरोध किया है कि वे अपने नोडल कार्यालय को पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए छमाही रिपोर्ट समय पर प्रेषित करने का कष्ट करें ।

सी.एस.आई.आर. - केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान: श्री संजय चौधरी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने अपने कार्यालय की गृह पत्रिका सड़क दर्पण के राजभाषा विभाग ई वेबसाइट पर उपलब्ध होने के संबंध में बताते हुए कहा कि अपने कार्यालय की राजभाषा गतिविधियों को बहु-आयामी बनाने के लिए यथा संभव प्रयास जारी रखेंगे ।

भारतीय खेल प्राधिकरण से श्रीमती आशा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने समिति को सूचित किया कि ''कार्यालय सहायिका'' नाम से एक पुस्तिका तैयार की गई है जिसका विमोचन 14 सितंबर, 2021 को महानिदेशक, भा.खे.प्रा. के कर-कमलों से किया जाएगा ।

श्रीमती कमलेश बजाज (उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना) ने अपने संबोधन में समिति के सदस्यों को हिंदी शिक्षण योजना से संबंधित विभिन्न मदों पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई । सबसे पहले उन्होंने समिति से अनुरोध किया कि बैठक माह के अंतिम दिन 30 / 31 को न रखी जाए, चूंकि इस दिन काफी लोग सेवानिवृत्त होते हैं। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि मई / नवंबर दोनों सत्र की परीक्षाएं नवंबर में आयोजित होंगी। वर्ष 2019 के विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रेषित कर दिए जाएंगे । उन्होंने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया है कि नए टंकण एवं भाषा सत्र में अधिक से अधिक लोगों को नामित किया जाए और अनुकूल समय पर एक या दो घंटे चलने वाले ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक कर्मचारियों को इन कक्षाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाय ।

साथ ही, पारंगत पाठ्यक्रम पर विशेष प्रकाश डालते हुए उन्होंने सदस्य कार्यालयों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पारंगत के लिए भी हिंदी रोस्टर बनाया जाना चाहिए । जो हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त हैं, उन्हें इस परीक्षा हेतु नामित का सकते हैं । इसमें पुरस्कार राशि भी अब शामिल कर लिया गया है जो काफी अच्छी राशि है । उन्होंने सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि, आगामी सत्र जो जनवरी से आरंभ होने वाला है उसके लिए अधिक से अधिक लोगों को नामित करें ।

शिक्षा अनुभाग 27 उपस्कर डिपो के श्री बृजेश मिश्र, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने प्रश्न किया कि अनुवादकों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी समय से नहीं हो रहा है , इसके लिए क्या योजना है? इसका उत्तर देते हुए उप निदेशक महोदया ने कहा कि कोविड की विषम परिस्थितियों में कुछ कठिनाइयां हो रही है, जिसके कारण हम कई कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पा रहे हैं, पर शीघ्र ही इस पर भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

भारतीय खेल प्राधिकरण से श्रीमती आशा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने प्रश्न किया कि कार्यालय में जिन अधिकारियों / कर्मचारियों ने वर्ष 2020 से पहले पारंगत परीक्षा उत्तीर्ण की हैं, क्या उन्हें निर्धारित पुरस्कार राशि प्रदान की जा सकती है । इसका उत्तर देते हुए उप निदेशक महोदया ने कहा कि इस संबंध में राजभाषा विभाग से वर्तमान में कोई निदेश नहीं है।

(कार्रवाई – सभी सदस्य कार्यालय)

श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) ने समिति को संबोधित करते हुए वर्तमान विषम परिस्थितियों में नराकास की बैठक के आयोजन हेतु अध्यक्षा महोदया एवं समिति के सचिवालय को धन्यवाद ज्ञापित किया । वर्तमान स्थितियों में अधिकांश बैठकें, संगोष्ठियाँ आदि ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होना "नॉर्मल" हो गया है । अतः नराकास की बैठकों में भी अपग्रेडेशन लाने की आवश्यकता है । सभी कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्टों को समेकित रूप में तकनीक आधारित बनाने के प्रयास किए जाएं।

उन्होंने समिति के समक्ष हिंदी में पदों की स्थिति के बारे बात करते हुए कहा कि हिंदी के पदों के सृजन/संस्वीकृत पदों के अनुसार रिक्त पदों को भरने के संबंध में राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध है । हमने 1949 से लेकर अब तक हिंदी में कई मुकाम हासिल किए हैं - बोली से कलम तक और कलम से कम्प्यूटर तक चाहे छोटे शब्द हो या छोटी टिप्पणियाँ हों, सूचनाएं पत्र या ई-मेल में दिए जाने से लेकर वेबसाइट द्विभाषी बनवाने तक हिंदी के प्रयोग का विस्तार हुआ है । अधिकांश जगह हिंदी का प्रयोग देखने को मिलता है, पर अभी भी, ऑडिट, गहरे प्रशासनिक विषय, मुख्य तकनीक/आपरेशनल विषय, विधि आदि में मूल रूप से अंग्रेजी में ही काम करने का चलन है । स्वतंत्रता दिवस कि 75 वीं वर्षगांठ एवं अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर हम सभी को दृढ़ संकल्प लेना है कि "सर्वप्रथम हिंदी – Hindi First" यानि कि कार्यालय में किसी से भी हम बात कर रहे हो या कोई भी कार्य कर रहे हों, मूल रूप से हिंदी में ही करेंगे, यानि कि सरल हिंदी का प्रयोग करते हुए हम ड्राफ्ट हिंदी में ही करें । मूल रूप से हिंदी में कामकाज को बढ़ाएं । अपना मूल मंत्र मानते हुए "सभी हिंदी में काम करें और सभी काम हिंदी में करें ।

(कार्रवाई – सभी सदस्य कार्यालय)

अध्यक्षा महोदया ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी का अभिवादन करते हुए कहा कि नराकास एक प्रभावी मंच है । कई सुझाव हमें ऐसे मिले हैं जिस पर कार्यवाही अपेक्षित है , कई कार्यालयों ने अपने अनुभव शेयर किए जिनके लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस मंच को सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्य कार्यालयों को बैठक से जुड़कर अपना मत प्रकट करना चाहिए । श्री कुमार पाल शर्मा जी ने हम सब को सरल शब्दों का प्रयोग करते हुए मूल काम हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज कार्यालयों में सरल शब्दों का प्रयोग अत्यावश्यक है ताकि सभी हिंदी में अपना मूल कार्य करने के लिए इच्छुक और संकल्पित रहें । कार्यालयीन कार्य में हिंदी के प्रयोग को बहुआयामी बनाया जा सकें । तकनीक आधारित समीक्षा के प्रयास किए जाने चाहिए । श्री संजय चौधरी के ई पुस्तकालय संबंधी सुझाव को कार्यान्वित किए जाने की आवश्यकता है। श्रीमती कमलेश बजाज ने प्रशिक्षण के बारे में कई महत्वपूर्ण विषय साझा किया है। अंततः उन्होंने अनुरोध किया कि सरल हिंदी का प्रयोग करते हुए राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाया जाए। लगातार बारिश की विपरीत स्थिति में भी सभी कार्यालयों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी ।

(कार्रवाई – सभी सदस्य कार्यालय)

बैठक की संचालिका, श्रीमती हेमा प्रधान ने अध्यक्षा महोदया के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अति व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर अपने नए एवं गुरुत्वपूर्ण विचारों से हमारा मार्गदर्शन किया । साथ ही , बैठक में उपस्थित सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों / प्रतिनिधियों तथा हिंदी से जुड़े अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए सधन्यवाद बैठक संपन्न हुई ।

राजभाषा कार्यान्वयन में जिन कार्यालयों के प्रयास उत्कृष्ट रहे हैं उनके विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	कार्यालय का नाम	टिप्पणी
1.	सी.एस.आई.आर. – केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, दिल्ली मथुरा रोड़, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
2.	राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, कोर- 4 बी, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड नई दिल्ली	उत्कृष्ट
3.	**रेल संरक्षा आयोग, उत्तरी परिमण्डल, नई दिल्ली - 110021**	उत्कृष्ट
4.	**केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), कटवारिया सराय, नई दिल्ली – 110016**	उत्कृष्ट
5.	केन्द्रीय रेशम बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
6.	**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय, 14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली**	उत्कृष्ट
7.	केंद्रीय विद्यालय, वायु सेना स्थल, अर्जनगढ़, दिल्ली	उत्कृष्ट
8.	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली पश्चिम	उत्कृष्ट
9.	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली दक्षिण	उत्कृष्ट
10.	उपमहानिदेशक नागर विमानन (उत्तरी क्षेत्र), आई.जी.आई. एयर पोर्ट, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
11.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक कार्यालय, जी ब्लॉक, के.कामराज मार्ग, नई दिल्ली – 110011	उत्कृष्ट
12.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सीमा सड़क), दिल्ली छावनी	उत्कृष्ट
13.	केन्द्रीय विद्यालय, आर.के.पुरम	उत्कृष्ट
14.	**रक्षा सम्पदा महानिदेशालय, उलान बाटर मार्ग, दिल्ली छावनी -110010**	उत्कृष्ट
15.	केन्द्रीय विद्यालय, प्रगति विहार, लोदी रोड, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
16.	दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास सदन, आई.एन.ए. नई दिल्ली	उत्कृष्ट
17.	**छावनी परिषद कार्यालय, दिल्ली छावनी**	**उत्कृष्ट**
18.	राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037	उत्कृष्ट
19.	पंडित दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीनास), जनकपुरी, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
20.	पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली	उत्कृष्ट

21.	राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, सेक्टर – 8, द्वारका	उत्कृष्ट
22.	**सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली-110030**	उत्कृष्ट
23.	**भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम परिसर (पूर्वी द्वार), नई दिल्ली -110003**	उत्कृष्ट
24.	स्टेशन शिक्षा अनुभाग, वायु सेना स्टेशन, तुग्लकाबाद, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
25.	**राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली - 110016**	**उत्कृष्ट**
26.	कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, II तल, नई दिल्ली	उत्कृष्ट
27.	कार्यालय, स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी, कैन्टीन भंडार विभाग, किरबी प्लेस बस स्टॉप के सामने, दिल्ली छावनी – 110010	उत्कृष्ट
28.	अन्तर्राष्ट्रीय अनुश्रवण केन्द्र, बेतार अनुश्रवण संघटन, दूरसंचार विभाग, घिटोरनी, नई दिल्ली - 110030	उत्कृष्ट
29.	निदेशालय (चिकित्सा), कर्मचारी राज्य बीमा योजना औषधालय परिसर , बसईदारापुर, नई दिल्ली	उत्कृष्ट

परिशिष्ट-I

नराकास, दक्षिण दिल्ली-I की नौवीं छमाही बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की सूची:

क्र. सं.	सदस्य कार्यालय का नाम	अधिकारी का नाम और पदनाम	कार्यालय प्रभारी
1.	सी.एस.आई.आर. - केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान, दिल्ली मथुरा रोड़, नई दिल्ली	श्रीमती संगीता बनर्जी , वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक श्री बिरंची सारंग , प्रशासन अधिकारी श्री संजय चौधरी , हिंदी अधिकारी	हां
2.	रेल संरक्षा आयोग, उत्तर परिमंडल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली	श्री एस के पाठक , मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त श्री राजमल खोईवाल, मुख्य अभियंता श्री गिरीश चन्द , हिन्दी सहायक	हां
3.	रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय, उलान बटार रोड, दिल्ली छावनी	श्री राजीव रंजन , भा.र.ले.से. श्री रवि कुमार , क.अनु.अधि.	हां
4.	सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली	श्री जी. मुकुंदन, रजिस्ट्रार श्रीमती विभा बिष्ट , कार्यपालक (राजभाषा) श्रीमती रेश्मा , सहायक कार्यपालक (राजभाषा)	हां
5.	वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली, रेस कोर्स, नई दिल्ली	एस. /एल. वंदना चौधरी, वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार , व. अनुवाद अधिकारी	हां
6.	राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, महिपालपुर, नई दिल्ली	श्री विवेक गोगिया, संयुक्त निदेशक (प्रशा.) श्री विजय सिंह , उप निदेशक	हां

		श्री सुधा वर्मा , सहा. निदेशक (रा.भा.)	
7.	पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी, जनकपुरी, नई दिल्ली	सुश्री मृदुला घई, निदेशक सुश्री गजाला खान , क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त-I श्रीमती अनिता कोहली , अनुभाग अधिकारी	हां
8.	दिल्ली छावनी परिषद, दिल्ली छावनी	श्री एस .वी.आर. चंद्रशेखर, मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री अमित कुमार मिश्रा , हिंदी अधिकारी	हां
9.	क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, अगस्त क्रांति भवन, नई दिल्ली	श्री दाशरथी बेहरा , सहायक सचिव (तक) श्री महेश साव , कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी)	हां
10.	राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, लोधी रोड, नई दिल्ली	श्री हितेश वैद्य, निदेशक श्री नवीन माथुर, राजभाषा प्रभारी श्रीमती पूनम मल्होत्रा, हिंदी अनुवादक	हां
11.	राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली	श्री अमित शर्मा, निदेशक डॉ. वंदना शर्मा , सहायक निदेशक (रा.भा.)	हां
12.	शिक्षा अनुभाग, 27 उपस्कर डिपो, भारतीय वायु सेना, दिल्ली छावनी	फ्लाइट लेफ्टिनेंट शायन्ना गोस्वामी प्रभारी शिक्षा अधिकारी श्री बृजेश मिश्र , वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी	हां
13.	भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली	श्री एन .एस. मेहरा, मुख्य कार्यकारी	हां
14.	केन्द्रीय विद्यालय, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली	श्रीमती सीमा चोपड़ा , उप प्राचार्य, श्री जानी (प्रशिक्षित स्नातक)	हां

15.	रक्षा संपदा महानिदेशालय, रक्षा संपदा भवन, दिल्ली छावनी	सुश्री इंद्रजीत कौर , एसएडीजी श्रीमती चारू तिवारी , स. निदेशक (रा.भा.) श्री विक्रम सिंह , कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	हां
16.	राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली	श्री दीपक आशीष कौल , निदेशक (वित्त एवं प्रशा.) डॉ. प्रदीप कुमार, उप निदेशक (वि. एवं प्र.)	हां
17.	प्रादेशिक निदेशक (उ.क्षे.) कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली	डॉ. राजसिंह, क्षेत्रीय निदेशक श्री के .सी. मीणा, संयुक्त निदेशक	हां
18.	जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर, दिल्ली	श्री सुरजीत सिंह, प्राचार्य डॉ. बिमला नारा	हां
19.	कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक (नौसेना/तटरक्षक), रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली	श्री बिपिन दास , भा.र.ले.से., सहायक नियंत्रक श्री गौरव सिंह चौहान , कनिष्ठ हिंदी अधि.	हां
20.	पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली	डॉ. निरंजन कुमार सिंह, ई.डी. श्री राजीव कुमार खन्ना , निदेशक (राजभाषा) श्रीमती अनुप्रिया शर्मा , उप निदेशक (रा.भा.)	हां
21.	निदेशालय (चिकित्सा), प्रशासनिक (खंड), कर्मचारी राज्य बीमा योजना औषधालय परिसर, बसईदारापुर, नई दिल्ली	डॉ. नरेश कुमार अरोड़ा, निदेशक (मेडिकल) श्री सतीश कुमार, सहायक निदेशक (रा.भा.)	हां
22.	रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (सीमा सड़क), सीमा सड़क भवन, दिल्ली छावनी	श्री राहुल गौड़, रक्षा लेखा सहायक नियन्त्रक	हां

		श्री संजय कुमार, लेखा अधिकारी श्री कमल किशोर, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी	
23.	उप महानिदेशक नागर विमानन का कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र, नागर विमानन विभाग	श्री पवन कुमार, प्रभारी निदेशक (उ.क्षे.) श्री शिव त्रिपाठी, उप निदेशक, उड़न योग्यता श्रीमती करुणा विमल, सहायक निदेशक	हां
24.	राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली	डॉ संघमित्रा बारिक, संयुक्त निदेशक श्री बलराम प्रसाद, कनिष्ठ अनु, अधिकारी	हां
25.	राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली	श्रीमती नाज़ रिज़्वी, निदेशक सुश्री हरप्रीत कौर कालरा, वरिष्ठ अनुवादक	हां
26.	अपर महानिदेशक, माल एवं सेवाकर महानिदेशालय, एम.टी.एन.एल. भवन,	श्री एस.वी. सिंह, प्रधान अपर महा निदेशक श्री बाल्मीक चक्रवर्ती, सहायक निदेशक श्री आनंद त्रिपाठी, अधीक्षक	हां
27.	राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविद्यालय, लाजपत नगर, नई दिल्ली	डॉ. डेज़ी थॉमस, उप प्राचार्य श्रीमती मधु जोशी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	हां
28.	प्रगत संगणन विकास केंद्र (सीडैक), इंस्टिट्यूशनल एरिया, जसोला	श्री एन.के. जैन, निदेशक एवं केंद्र प्रमुख डॉ. प्रियांका जैन, सहायक निदेशक (रा.भा.) श्री अभिनव दीक्षित, सहायक निदेशक श्री विपुल रस्तोगी, रा.भा. विभाग समन्वयक	हां
29.	केन्द्रीय माल और सेवाकर, दक्षिण दिल्ली, ई.आई.एल	श्री अरुण कुमार, आयुक्त	हां

	अनेक्स भवन, भीकाजी कामा प्लेस	सुश्री गायत्री, संयुक्त आयुक्त	
30.	स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी, कैन्टीन भंडार विभाग किरबी प्लेस, दिल्ली छावनी	श्री कृष्ण कुमार , लेखा अधिकारी	हां
31.	केंद्रीय भूमि जल बोर्ड , पश्चिमी ब्लॉक -।।, आर.के.पुरम, नई दिल्ली	श्री राणा चटर्जी, वैज्ञानिक-डी सुश्री प्रज्ञा कंडपाल , हिंदी अनुवादक	हां
32.	कर्मचारी राज्य बीमा निगम मॉडल अस्पताल, बसईदारापुर, दिल्ली	डॉ. दीपिका गोविल , चिकित्सा अधीक्षक श्री सूर्य प्रकाश पांडेय , उप निदेशक (राजभाषा)	हां
33.	कमान अधिकारी, सशस्त्र सेना आधान केन्द्र, दिल्ली छावनी	कर्नल एस. वेंकटेशन, ले.कर्नल, कमान अधिकारी	हां
34.	आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एन बी ई एम एस), नई दिल्ली	श्री सुरेश कुमार के, संयुक्त निदेशक(प्रशासन) प्रणव कुमार, अनुभाग अधिकारी(राजभाषा)	हां
35.	सीमा सुरक्षा बल महानिदेशालय, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड़, नई दिल्ली	श्री भारत भूषण सिधरा, उप महानिरीक्षक (प्रशा.) श्री कमलजीत शर्मा, सहायक कमांडेंट (रा.भा.)	हां
36.	केंद्रीय विद्यालय, टैगोर गार्डन	श्री मुकेश कुमार, प्राचार्य श्रीमती सुनील कुमारी, पी. जी. टी., हिंदी	हां
37.	केंद्रीय भूमि जल प्रधिकरण, 18/11, जामनगर हाउस, मानसिंह रोड, नई दिल्ली	श्री पी.के. नायक, वैज्ञानिक-डी	हां
38.	केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क (बोर्ड) हवाई कार्गो आयात, नवीन सीमा शुल्क भवन	सुश्री सिम्मी जैन, प्रधान आयुक्त श्री संजीव कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	हां
39.	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली (पश्चिम), द्वारका, नई दिल्ली	श्री कार्तिकेय सिंह, क्षे.भ.नि.आ. - ।	हां
40.	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली	श्री विकास सोदाई,	हां

	(दक्षिण), द्वारका, नई दिल्ली	क्षे.भ.नि.आ. - I श्रीमती पूनम तोमर, वरिष्ठ हिंदी अनुवादक	
41.	केंद्रीय विद्यालय, सैक्टर-2, आर.के. पुरम, नई दिल्ली	श्री अवधेश दुबे, प्राचार्य श्री मनीष कुमार, क.सचि. सहायक	हां
42.	अन्तर्राष्ट्रीय अनुश्रवण केन्द्र, बेतार अनुश्रवण संघटन, दूरसंचार विभाग, घिटोरनी	श्री डी.के. राय, प्रभारी अभियंता सुश्री प्रीति, अभियंता सुश्री सुमन चौधरी, सहायक निदेशक	हां
43.	केन्द्रीय विद्यालय, वायु सेना स्थल, अर्जनगढ़, दिल्ली	श्रीमती मधु सिंह, प्राचार्य श्री मोहित राज, पी.जी.टी. हिंदी	हां
44.	माल और सेवाकर, लेखा परीक्षा-II आयुक्तालय, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली	श्रीमती सुरक्षा कटियार, आयुक्त	हां
45.	क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज.2 नई दिल्ली	श्री जय प्रकाश पांडे, वरिष्ठ रसायनज्ञ	हां
46.	केन्द्रीय माल और सेवाकर, पश्चिमी दिल्ली, चतुर्थ एवं पंचम तल, ई.आई.एल एनेक्स भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली	श्रीमती शुभागाता कुमार, आयुक्त	हां
47.	प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक का कार्यालय, इलेल्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, 6, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली	श्री प्रभात कुमार, वैज्ञानिक 'डी'	-
48.	भारतीय खेल प्राधिकरण, लोधी रोड, नई दिल्ली	श्री वी.के.शर्मा, उपनिदेशक, प्रभारी, राजभाषा, सुश्री आशा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी	-
49.	केन्द्रीय विद्यालय संगठन, शहीदजीत सिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली	डॉ. ई. प्रभाकर, संयुक्त निदेशक	-
50.	पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, राष्ट्रीय राज मार्ग-8, महिपालपुर, नई दिल्ली	श्री विजय कुमार गौतम, सहायक निदेशक	-
51.	वायुसेना अभिलेख कार्यालय, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली	श्री भागीरथ साहु, व.हि.अ.	-

52.	वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी कक्ष), रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक कार्यालय, के.कामराज मार्ग, नई दिल्ली	श्री श्री वीरेंद्र शर्मा, रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक श्री मो. अशरफ हुसैन, कनिष्ठ अनु, अधिकारी	-
53.	राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर, लोधी रोड	डॉ पी.एल. साहू, वैज्ञानिक निदेशक श्री कपेन्द्र साहू , वैज्ञानिक, हिंदी अधिकारी श्री विकास गौर , निजी सहायक	हां
54.	दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली	श्री दीपक सक्सेना, स.नि. (राजभाषा)	-
55.	राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, मथुरा रोड़, नई दिल्ली	श्री राजेन्द्र कुमार, कार्यालय अधीक्षक श्रीमती सीमा उपाध्याय, अ.श्रे.लि.	-
56.	वस्त्र समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, अपैरेल हाउस, सेक्टर - 44, गुरुग्राम, हरियाणा	श्री बृजेश तिवारी, सहायक निदेशक श्रीमती मीनू गोगिया, अधीक्षक	-
57.	वस्तु एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय, पश्चिम खण्ड-8, विंग संख्या-6, द्वितीय तल, आर.के. पुरम, नई दिल्ली	जसबीर सिंह, सहायक निदेशक	-
58.	केन्द्रीय विद्यालय, पश्चिम विहार, अम्बिका विहार, नई दिल्ली	श्री मुनेश कुमार शर्मा, पीजीटी (हिन्दी)	-
59.	कार्यालय सीमा शुल्क (आयात) अन्तर्देशीय कन्टेनर डिपो, तुगलकाबाद, नई दिल्ली	श्री मातादीन, अधीक्षक	-
60.	वायु सेना स्टेशन, तुगलकाबाद	डॉ. सुरेन्द्र कुमार मीणा, व.हि.अ.	-
61.	सशस्त्र सेना चिकित्सा समान डिपो	श्रीमती सुधा सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	-